# विधानसभा में गूंजा एनएच-719 का मुद्दा

## विधायक हेमंत सत्यदेव कटारे ने रखा अशासकीय संकल्प, 'खूनी हाईवे' को सिक्स लेन बनाने की मांग



नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 28 फरवरी।** अटेर विधानसभा से विधायक हेमंत सत्यदेव कटारे ने विधानसभा में ग्वालियर-भिंड-इटावा नेशनल हाईवे क्रमांक 719 को सिक्स लेन में उन्नत करने, चंबल नदी पर स्थित एकमात्र महत्वपूर्ण पुल की मरम्मत पूर्ण कर शीघ्र आवागमन प्रारंभ कराने तथा मालनपुर टोल प्लाजा की अवैध वसूली बंद कराने संबंधी अशासकीय संकल्प प्रस्तुत किया गया। प्रस्ताव ग्राह्य हुआ और सदन में इस पर विस्तृत चर्चा हुई।

**'खूनी हाईवे' बन चुका है एनएच-719:** विधायक कटारे ने कहा कि वर्तमान में यह हाईवे लोगों की जुबान पर 'खूनी हाईवे' और 'मौत का हाईवे' के नाम से जाना जा रहा है। प्रतिदिन दुर्घटनाओं की खबरें सामने आती हैं। उन्होंने भावुक होते हुए पिछले वर्ष होली के समय एक ही परिवार के सात सदस्यों की दुर्घटना में मृत्यु का उल्लेख किया और कहा कि पर्व के दिन जहां खुशियां होनी चाहिए थीं, वहां मातम पसरा हुआ था। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा सत्ता और विपक्ष से परे है यह पूरे क्षेत्र की पीड़ा है।

**संत समाज का आंदोलन बना बड़ा सवाल:** विधायक कटारे ने हजारों संत-महात्माओं के भूख हड़ताल पर बैठने की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि सड़क निर्माण जैसे मूलभूत विषय पर संत समाज को आंदोलन करना पड़े, यह शासन की संवेदनहीनता दर्शाता है। उन्होंने बताया कि वे स्वयं जिला अस्पताल जाकर संतों से मिले और आश्वासन दिया गया कि एक माह में कार्य प्रारंभ होगा, किंतु दो माह बीतने के बाद भी कार्य शुरू नहीं हुआ।

उन्होंने कहा कि जब संत समाज को भी हड़ताल करनी पड़े, तो यह केवल सड़क नहीं बल्कि जनजीवन की सुरक्षा का प्रश्न है।

**रातों-रात सड़क बन सकती है तो यह हाईवे क्यों नहीं?:** कटारे ने हालिया उदाहरण देते हुए कहा कि विशेष दौरे के दौरान रातों-रात सड़क निर्माण हो सकता है, तो इस जनजीवन से जुड़े हाईवे के लिए तत्परता क्यों नहीं दिखाई जा रही है। विधायक कटारे ने कहा कि मालनपुर टोल की समयावधि समाप्त हो चुकी है, फिर भी कोविड का हवाला देकर दो वर्ष नौ माह अठारह दिन का एक्सटेंशन दिया गया।

**उन्होंने सवाल उठाया —** क्या कोविड से केवल टोल मालिक को नुकसान हुआ। आम जनता को नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि 15-20 किलोमीटर की परिधि में आने वाले ग्रामवासियों को पास जारी करने के नियम के बावजूद नकटे सहित कई गांवों से अवैध वसूली की जा रही है। उन्होंने मांग की कि यदि सिक्स लेन की प्रक्रिया लंबी है तो कम से कम तत्काल चौड़ीकरण शुरू किया जाए।

उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि यदि बैठकों में चाय-नाश्ता हो सकता है, तो सड़क निर्माण भी शुरू हो सकता है। विधायक कटारे ने कहा कि भिंड से इटावा (उत्तर प्रदेश) को जोड़ने वाला चंबल नदी का यह एकमात्र प्रमुख पुल जर्जर स्थिति में रहता है। इसकी तत्काल मरम्मत कर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। यह मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीच महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है।

### यह राजनीति नहीं, जनजीवन की सुरक्षा का विषय

चर्चा की शुरुआत करते हुए विधायक कटारे ने कहा कि यह विषय किसी दल विशेष से जुड़ा नहीं, बल्कि जनहित से जुड़ा अत्यंत गंभीर विषय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यद्यपि यह राष्ट्रीय राजमार्ग केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है, फिर भी सदन से सर्वसम्मति से अनुशंसा कर केंद्र का ध्यान आकर्षित किया जा सकता है।

# भाईचारे के साथ मनाएं होली का त्यौहार : राजपूत



## शांति समिति की बैठक में बोले नगर पुलिस अधीक्षक

नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 28 फरवरी।** सामाजिक समरसता के प्रतीक होली पर्व को आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाएं और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। यह बात नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन राजपूत ने सिटी कोतवाली एवं देहात थाना क्षेत्र की शांति समिति की बैठक में कही।

नगर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि होली जैसे पावन पर्व पर ऐसा कोई भी कृत्य न किया जाए जिससे किसी व्यक्ति विशेष को असुविधा हो या कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित हो। सभी नागरिक प्रशासन का सहयोग करें और शांति एवं सौहार्द बनाए रखें।

बैठक में शहर के वरिष्ठ नागरिकों के साथ ही समाजसेवी संगठनों के पदाधिकारी, सिटी कोतवाली थाना प्रभारी बृजेंद्र सेंगर एवं देहात थाना प्रभारी मुकेश शाक्य भी उपस्थित रहे। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। सिटी एवं दया थाना प्रभारी द्वारा बताया गया की शहर में किन-किन स्थानों पर होलिका दहन होगा और इसके दूसरे दिन शहर एवं देहात थाना क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

# दो दिवसीय आजीविका होली मेला का कलेक्टर ने किया अवलोकन



नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 28 फरवरी।** होली पर्व के अवसर पर व्यापार मंडल धर्मशाला में जिला पंचायत भिंड द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'आजीविका होली मेला' का कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों की जानकारी लेते हुए समूह की महिलाओं का उत्साहवर्धन किया।

मेले में स्व-सहायता समूहों द्वारा प्राकृतिक रूप से तैयार हर्बल रंग, गुजिया, क्षार के लड्डू, मसाले, शहद, अचार-पापड़, गौ-काष्ठ एवं होली से संबंधित अन्य उत्पादों के स्टॉल लगाए गए। कलेक्टर ने स्वयं भी समूह द्वारा निर्मित हर्बल रंग की खरीदारी कर स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण महिलाओं की आजीविका सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सौहार्द के साथ होली पर्व मनाएं। विशेष रूप से उन्होंने गौ-काष्ठ आधारित होलिका दहन को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक होलिका दहन कार्यक्रमों में लकड़ी के स्थान पर उपलों एवं गौ-काष्ठ का उपयोग किया जाए, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिले और हरित पहल को मजबूती मिले। शासन के निर्देशानुसार सभी सार्वजनिक होलिका दहन कार्यक्रमों का पंजीयन निकटतम नगरीय निकाय या ग्राम पंचायत में कराना अनिवार्य बताया गया। कलेक्टर ने प्राकृतिक एवं हर्बल रंगों के उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि रासायनिक रंगों से त्वचा एवं स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच सकता है, इसलिए स्वच्छ एवं स्वस्थ होली की थीम पर पर्व मनाया जाए। उन्होंने अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने तथा भाईचारे के साथ पर्व मनाने का संदेश दिया।

## हर्बल रंगों को दिया बढ़ावा

# मप्र उर्दू अकादमी का व्याख्यान एवं रचनापाठ आज

**भिंड।** मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग के तत्त्वावधान में जिला अदब गोशा भिंड के द्वारा सिलसिला के तहत व्याख्यान एवं रचना पाठ का आयोजन रविवार को दोपहर 12 बजे से वीरेंद्र मांगलिक भवन में जि?ला समन्वयक हसरत हयात के सहयोग से किया जाएगा। उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी के अनुसार उर्दू अकादमी द्वारा सिलसिला के तहत प्रदेश के सभी जिलों में काव्य, साहित्यिक एवं सांगीतिक गोष्ठियां आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में एक कार्यक्रम भिंड में आयोजित हो रहा है जिसमें भिंड जिले के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों, तहसीलों एवं बस्तियों के ऐसे स्थापित शायर एवं साहित्यकार अपनी प्रस्तुति देंगे जिन्हें अकादमी के मंचों पर प्रस्तुति का कम अवसर मिला है। भिंड जिले के समन्वयक हसरत हयात ने बताया कि सिलसिला के तहत 12 बजे व्याख्यान एवं रचना पाठ का आयोजन होगा जिसमें शायर एवं साहित्यकार अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे।

# भाजपा का पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान सम्पन्न

## 200 कार्यकर्ताओं ने लिया भाग



नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 28 फरवरी।** जिला मुख्यालय स्थित सुरेश दादा बैंक्वेट हॉल में भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के संगठनात्मक कार्यक्रम के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन किया गया। इस जिला स्तरीय एकदिवसीय कार्यशाला में लगभग 200 कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर निर्धारित विषयों पर संगठन की विचारधारा से आत्मीय संवाद किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने उद्घाटन उद्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित संगठन है और प्रशिक्षण ही कार्यकर्ताओं को विचार की दिशा देता है। उन्होंने कहा कि जिले के 29 मंडलों में भी प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने पार्टी की रीति-नीति एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो समय-समय पर प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सुदृढ़ करती है। एक अनुशासित एवं समर्पित कार्यकर्ता के निर्माण के लिए प्रशिक्षण आवश्यक है। चंबल संभाग के संभागीय संगठन प्रभारी डॉ. अभय प्रताप सिंह यादव ने पंच परिवर्तन विषय पर उद्बोधन देते हुए कहा कि इसका उद्देश्य समाज में व्यापक परिवर्तन लाकर भारत को मजबूत, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाना है। उन्होंने पंच परिवर्तन के पांच प्रमुख आयामों — सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी तथा राष्ट्र निर्माण — पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला की अध्यक्षता विभिन्न सत्रों में जनपद अध्यक्ष सरोज बघेल एवं जिला उपाध्यक्ष पिंकी शर्मा ने की। संचालन अतिराज सिंह नरवरिया द्वारा तथा आभार प्रदर्शन गीता भदौरिया ने किया। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम्, वर्ग गीत एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष केशव सिंह भदौरिया, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मायाराम शर्मा एडवोकेट, रामकुमार महते, कृष्णकांता तोमर, शैलेंद्र सिंह राजावत, राजेंद्र शर्मा राजे, उपेंद्र शर्मा, मनोज अनंत, शैलेंद्र पालीवाल, बजरंग सिंह भदौरिया सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नवनियुक्त जिला मंत्री राठौर दंदरौआ धाम में दर्शन पूजन करते हुए



**मेहगांव, 28 फरवरी।** आज मेहगांव के सुप्रसिद्ध दंदरौआ धाम में पहुंचकर नवनियुक्त जिला मंत्री सुभाष राठौर ने डाक्टर हनुमान जी के विधिवत पूजन दर्शन करते हुए परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री रामदास महाराज जी से भेंट की, जिला मंत्री बनाए जाने पर स्नेहिल आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान इनके साथ मेहगांव नगर पालिका अध्यक्ष कंचन पिंटू राठौर, एसडीओपी आर.के. सिंह राठौड़ अधिवक्ता राधेश्याम सैनी एवं सनी भदोरिया उपस्थित रहे।

# बचपन इंटरनेशनल स्कूल में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

## छात्रों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

नवभारत न्यूज

**मालनपुर, 28 फरवरी।** मालनपुर क्षेत्र के समीप संचालित बचपन इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को नि:शुल्क नेत्र एवं हेल्थ कैंप का आयोजित किए गए द्य जिसका उद्देश्य छात्रों एवं स्कूली स्टाफ का स्वास्थ्य परीक्षण एवं मौसमी बीमारियों से जागरूकता फैलाना था। डॉक्टरों की टीम द्वारा 180 से ज्यादा छात्र एवं स्कूली स्टाफ की आंखों की जांच साथ ही साथ बीपी शुगर मौसमी बीमारियों की भी जांच की गई। डॉक्टर ललित ने बताया कि बदलते मौसम को देखते हुए खान-पान पर ध्यान देना है कम तला भोजन करें जंक फूड मैगी पास्ता बिल्कुल ही खाना नहीं खाना है, अपने घर पर बना हुआ शुद्ध भोजन ही करें जिससे स्वास्थ सही रहे स्कूल संचालक दिनेश सिंह परिहार ने कहा कि बच्चे अपना विशेष ख्याल रखो बदलते मौसम में बच्चों को बीमारियां जल्दी पकड़ती हैं आप सभी बच्चों को विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इस प्रशिक्षण शिविर में उपस्थिति टीम डॉ तरूण सिंह (ऑप्टोमेट्रिस्ट, आई चेकअप) डॉ मयंक सहरावत जनरल फिजिशियन प्रताप सर, रीठा मैम आदि मौजूद रहे।



# सनातन पर हमला बताया शंकराचार्य पर एफआईआर को



**ग्वालियर।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ यौन उत्पीड़न को लेकर न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज होने पर कांग्रेस के पूर्व जिला महामंत्री जितेन्द्र सिंह भदौरिया ने आक्रोश जाहिर करने के साथ ही हाईकोर्ट द्वारा उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाए जाने का स्वागत करते हुए न्यायपालिका का आभार माना है।

# होली पर हुड़दंग करने वालों पर होगी कठोर कार्यवाही :एसडीओपी



नवभारत न्यूज

**मेहगांव, 28 फरवरी।** आगामी त्योहार को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की जिसमे कानून ब्यबस्था एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिये विस्तृत चर्चा की गई बैठक में एस डी ओ पी संजय कोच्छा थाना प्रभारी महेश शर्मा नगरपरिषद से प्रशांत दीक्षित नगरपरिषद पति पिंटू राठौर जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागिरक उपस्थित रहे एस डी ओ पी संजय कोच्छा ने कहा कि होली के त्योहार पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था हुड़दंग या सम्प्रदायक माहौल बिगाड़ने बालो को बक्सा नही जाएगा थाना प्रभारी महेश शर्मा ने मीटिंग में बताया कि क्षेत्र में सतत निगरानी रखी जायेगी। भाजपा मण्ड्ल अध्यक्ष रोहित करैया भाजपा जिला मंत्री सुभाष राठौर पार्षद राकेश चौधरी समाज सेवी भगीरथ गुर्जर भैया पत्रकार प्रदीप चौधरी पत्रकार पुरुषोत्तम राजौरिया राजेश व्यास रामवचन पचौरी गिरजेश पचौरी रामाधार चौबे इल्यास खान सनी भदौरिया आदि उपस्थित रहे।

# जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 28 फरवरी।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भिंड, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग भिंड, समस्त सहायक यंत्री, उपयंत्री तथा विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले में संचालित जल जीवन मिशन की योजनाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जो योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, उन्हें शीघ्र ही संबंधित ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित किया जाए, ताकि उनका सुचारू संचालन सुनिश्चित हो सके। साथ ही जो योजनाएं निर्माणाधीन अथवा प्रगतिरत हैं, उन्हें निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने आगामी ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए विशेष तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के सभी ग्रामों में हैंडपंप एवं नल-जल योजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों को निर्बाध एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। जल आपूर्ति व्यवस्था में किसी भी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए जिला एवं विकासखंड स्तर पर कंट्रोल रूम का गठन कर त्वरित शिकायत निवारण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि छोटी-छोटी तकनीकी या प्रशासनिक कमियों के कारण कोई भी योजना बंद नहीं रहनी चाहिए। संबंधित अधिकारी समय पर निरीक्षण कर कमियों को तत्काल दूर करें और कार्यों में तेजी लाएं। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि पेयजल व्यवस्था में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी।

# पूर्व विधायकों को मिले एसी प्रथम श्रेणी एवं मध्यलोक की सुविधा



**ग्वालियर।** मप्र के समस्त पूर्व विधायकों को एसी प्रथम श्रेणी में यात्रा सुविधा एवं दिल्ली स्थित मप्र भवन की तर्ज पर मुबई के मध्यलोक में नि:शुल्क आवास सुविधा प्रदान किये जाने हेतु पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं म.प्र. पूर्व विधायक मंडल के उपाध्यक्ष भगवान सिंह यादव ने मप्र विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर से अनुरोध किया है। उन्होंने नई दिल्ली स्थित मध्य प्रदेश भवन की तर्ज पर मुंबई में भी पूर्व विधायकों को नि:शुल्क आवास सुविधा उपलब्ध कराने का आग्रह किया है।

# सदर बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान, नपा की सख्त कार्रवाई से मची अफरा-तफरी




## यदि दोबारा अतिक्रमण पाया गया तो सीधे जब्ती की कार्रवाई की जाएगी और आर्थिक जुर्माना भी

नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 28 फरवरी।** शहर के व्यस्ततम सदर बाजार में शनिवार को नगर पालिका परिषद भिंड द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ सख्त अभियान चलाया गया। नपा की टीम पुलिस बल के साथ जैसे ही बाजार क्षेत्र में पहुंची, व्यापारियों और ठेला संचालकों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। नगर पालिका के अतिक्रमण अमले ने पुलिस की मौजूदगी में सड़क और फुटपाथ पर फैले सामान को हटवाया। बीच सड़क पर खड़े ठेले, फुटपाथ पर रखे काउंटर, रैक एवं अन्य सामग्री को तत्काल हटाया गया। कुछ स्थानों पर अतिक्रमण का सामान जब्त कर डंपर में भरवाया गया।

**दोबारा अतिक्रमण पर होगी जब्ती और जुर्माना:** कार्रवाई के दौरान कई दुकानदारों ने स्वयं ही अपना सामान समेट लिया। अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि दोबारा अतिक्रमण पाया गया तो सीधे जब्ती की कार्रवाई की जाएगी और आर्थिक जुर्माना भी लगाया जाएगा। सार्वजनिक मार्गों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर पालिका अधिकारियों के अनुसार, बाजार क्षेत्र में लगातार मिल रही शिकायतों तथा आवागमन में हो रही परेशानी को देखते हुए यह अभियान चलाया गया। सड़क पर अतिक्रमण के कारण अक्सर जाम की स्थिति बन रही थी, जिससे आम नागरिकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और नियमित निगरानी की जाएगी, ताकि शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और आमजन को राहत मिल सके।

# विश्व हिन्दू परिषद की जिला बैठक तालेश्वर धाम में सम्पन्न, नवीन टोली की घोषणा



नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 28 फरवरी।** लहार स्थित तालेश्वर धाम में विश्व हिन्दू परिषद की जिला बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के प्रांत मंत्री नवल भदौरिया, विभाग मंत्री रामसिंह मीणा, जिलाध्यक्ष उमाकान्त ब्यास तथा जिला मंत्री सुरेन्द्र शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में धर्म रक्षा निधि अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने संगठन की गतिविधियों को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज में धार्मिक जागरण, गौ-रक्षा, धर्मप्रसार एवं सामाजिक समरसता के कार्यों को मजबूती प्रदान करना संगठन की प्राथमिकता है। इस अवसर पर नवीन जिला टोली की घोषणा भी की गई। घोषित पदाधिकारियों में श्रीराम उपाध्याय को वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिले का संरक्षक, मनोज बोहरे को जिला उपाध्यक्ष, अरविंद गुप्ता 'छोटू' को सह जिला मंत्री, देवानंद नायक को प्रचार प्रमुख, नीतेश भारद्वाज को विश्व समन्वय, कुशाग्र अग्रवाल को कार्यालय प्रमुख, रिंकू सिंह यादव को बजरंग दल गौरक्षा प्रमुख, सुरेन्द्र रावत को धर्मयात्रा प्रमुख, धर्मेन्द्र पाठक को सामाजिक समरसता प्रमुख, सचिव तिवारी को सह संयोजक, सुनकेश त्रिपाठी को धर्मप्रसार प्रमुख, दीपक शर्मा (पातांजली) को धर्माचार्य संपर्क, प्रदीप उपाध्याय एवं धर्मेन्द्र शुक्ला को प्रखंड उपाध्यक्ष, धर्मेंद्र चतुर्वेदी को सह प्रखंड मंत्री, सत्संग प्रमुख हरीओम मिश्रा, जिला सह मंत्री राजीव पाराशर, उमेश यादव (मऊ), पंकज करैया (मिहोना), रविन्द्र समाधियां, मनीष भारद्वाज, दिनेश रजक, वीरेन्द्र बाथम (आलमपुर), राममोहन तिवारी को जिला गौरक्षा प्रमुख तथा हरविलाश दीक्षित को जिला कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक के अंत में सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को संगठन की विचारधारा के अनुरूप सक्रिय भूमिका निभाने एवं समाज हित में कार्य करने का संकल्प दिलाया गया।

# जवासा के शासकीय गुरु वशिष्ठ उमावि में शैक्षणिक संवाद



**भिंड।** शासकीय गुरु वशिष्ठ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जवासा में शैक्षणिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष कामना सुनील सिंह भदौरिया ने कक्षा 9वीं के छात्र-छात्राओं से संवाद कर उन्हें परीक्षा संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा के भय से मुक्त रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा जीवन का एक हिस्सा है, न कि अंतिम लक्ष्य। नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच से किसी भी परीक्षा को सरल बनाया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतिदिन पुनरावृत्ति करने, कठिन विषयों पर विशेष ध्यान देने तथा तनाव से दूर रहने की सलाह दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राजीव शर्मा ने भी कक्षा 9वीं के छात्र-छात्राओं को आगामी परीक्षाओं के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, नियमित उपस्थिति एवं निरंतर अभ्यास का महत्व बताया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भी अपने प्रश्न रखे, जिनका समाधान अतिथियों द्वारा सरल एवं प्रेरणादायक तरीके से किया गया। अंत में सभी विद्यार्थियों को मन लगाकर अध्ययन करने एवं विद्यालय का नाम रोशन करने का संदेश दिया गया।